## मुख्यमंत्री ने पटना जिले की 1433.77 करोड़ की छह योजनाओं का शिलान्यास किया

# दीदारगंज-करजान रोड फोरलेन होगा, ₹1065 करोड़ खर्च होंगे

- बख्तियारपुर में एलिवेटेड बाइपास, फतुहा में फ्लाईओवर बनेगा
- हिदायतपुर और मंझौली के बीच घोबा नदी पर पुल बनेगा

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** दीदारगंज से करजान तक की सड़क फोरलेन होगी। बख्तियारपुर में एलिवेटेड बाइपास और फतुहा में फ्लाईओवर का निर्माण होगा। बख्तियारपुर में हिदायतपुर एवं मंझौली के बीच घोबा नदी पर पुल बनेगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को इन कार्यों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने दीदारगंज एवं बाढ़ जाकर पटना जिला की 1433.77 करोड़ की छह योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं के अंतर्गत 1065.53 करोड़ की लागत से राज्य उच्च पथ संख्या 106 दीदारगंज-फतुहा-बख्तियारपुर-करजान पथ का फोर लेन में चौड़ीकरण, 9.05 करोड़ की बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर के समीप श्मशान घाट का विकास और विद्युत शवदाह गृह के निर्माण कार्य और 249.88 करोड़ की बख्तियारपुर-बाढ़-मोकामा पथ के 45.70 किमी अथमलगोला से मोकामा बाटा चौक तक पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है।

साथही 11.92 करोड़ से बख्तियारपुर में हिदायतपुर एवं मंझौली के बीच घोबा नदी पर पुल का निर्माण कार्य, 67.74 करोड़ की लागत से बाढ़ के उमानाथ मंदिर परिसर का सौंदर्गीकरण एवं नागरिक सुविधाओं का विकास कार्य और 29.65 करोड़ की लागत से बाढ़ वाटर ड्रेनेज का निर्माण कार्य शामिल है।



बख्तियारपुर में बुधवार को लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदारगंज से करजान तक फोरलेन पथ के चौड़ीकरण हो जाने से यातायात में सुविधा होगी। साथ ही बख्तियारपुर में एलिवेटेड बाइपास और फतुहा में फ्लाईओवर बनने से लोगों का आवागमन और सुगम होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट भी गये और वहां विकास कार्यों की जानकारी ली।

इसी क्रम में उन्होंने दीदारगंज-फतुहा बख्तियारपुर-करजान पथ के बाइपास का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के श्रीराधे कृष्ण मंदिर एवं बाढ़ के उमानाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदकलकुट्टी, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष परासर, पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, एसएसपी कार्तिकिय के शर्मा उपस्थित थे।